9

Title: CBI investigation in the killing of Odisha Health Minister.

श्री सुरेश पुजारी (बारगढ़) : महोदय, मैं आज आपके और इस संसद के संज्ञान में ओडिशा का एक संगीन विषय लाना चाहता हूं । यह एक गंभीर विषय है । ओडिशा के जो स्वास्थ्य मंत्री थे, 29 जनवरी को उनको पुलिस के एक एसआई ने गोली मार दी थी । वे मेरे संसदीय क्षेत्र से विधायक भी थे । हम लोग 40 साल पहले एक ही साथ पढ़ाई किया करते थे । आज 15 दिन बीत गए हैं, क्राइम ब्रांच इसका इन्वेस्टीगेशन कर रही है, लेकिन वह अभी तक कोई कारण नहीं बता पाई है ।

महोदय, ये लोग केन्द्र की सहायता लेते हैं । नार्को टेस्ट करना है, पॉलीग्रॉफ टेस्ट करना है, मैपिंग करवाना है, ड्रोन मैपिंग करवाना है, वे इसमें केन्द्र की सहायता लेते हैं, लेकिन वे सीबीआई इन्वेस्टीगेशन से डरते हैं । मेरा आपसे यह कहना है कि क्राइम ब्रांच इन्वेस्टीगेशन से कुछ नहीं होने वाला है ।

महोदय, मेरी आपके माध्यम से भारत सरकार से यह मांग है कि इसकी सीबीआई इन्वेस्टीगेशन की जाए और मंत्री महोदय को क्यों मारा गया, उसका कारण पता लगाया जाए ।